मध्यप्रदेश विधान सभा

नवम्बर-दिसम्बर, 1994 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 13 दिसम्बर, 1994 (अग्रहायण 22, 1916)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) सर्वश्री जालम सिंह पटेल, कंकर मुंजारे, सदस्य, मन्दसौर में जप्त नशीले पदार्थ के प्रमुख आरोपी गिरफ्तार न हो पाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री रघुनन्दन शर्मा, सदस्य, ग्वालियर के गोरखी गेट परिसर के दुकानदारों को जबरिया बेदखल किये जाने की ओर स्थानीय शासन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री शिव नेताम, राज्यमंत्री, सामान्य प्रशासन, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश लोक आयुक्त एवं उप-लोक आयुक्त (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1994 (क्रमांक 42 सन् 1994) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

निर्धारित समय

4. नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा

1 घन्टा 30 मि. — (1) ऊर्जा उत्पादन के लिये देशी-विदेशी संस्थानों से किये जा रहे अनुबंधों की शर्तों के संबंध में श्री बृजेन्द्र पाठक, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

1 घन्टा 30 मि. — (2) बाणसागर परियोजना तथा बरगी जलाशय के अंतर्गत रानी अवंती बाई परियोजना पर्याप्त धनराशि के अभाव में पूर्ण न हो पाने तथा परियोजनाओं को अविलम्ब पूर्ण कराये जाने हेतु समुचित धनराशि उपलब्ध कराये जाने के संबंध में सर्वश्री रामलखन शर्मा, बच्चन नायक तथा बृजेन्द्र पाठक, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

5. प्रतिवेदन पर चर्चा

2 घन्टे — अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 1991-92 एवं 1992-93 पर चर्चा.

शीला खन्ना
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल :
दिनांक : 12 दिसम्बर, 1994